गोदाम में बदमाशों का धावा, लाखों की लूट

नकावपोश बदमाशों ने चौकीदारों को बंधक बनाकर जमकर पीटा

सीबीगंज (आज ब्यूरो)। जल आकाश फैक्ट्री के गोदाम में दर्जन भर शस्त्रधारी नकाबपोश बदमाशों

ने धावा बोलकर चौकीदारों को बंधक बनाया व विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। फिर बदमाश करीब आठ लाख रूपये कीमत का लोहे का सामान लूट कर ले गए। पूर्व में भी बदमाशों ने दो बार इसी तरह घटना को अंजाम दिया था। तब पुलिस ने इस घटना को हल्के में लिया था। अब पुलिस चौकीदार ब फैक्ट्री प्रबंधन पर इस घटना को झुठलाने के लिए दबाव बना रही है। मगर पुलिस ने आसपास के गांवो व दुकानों पर लगे सीसीटीबी फुटेज खंगालने की कोशिश नहीं की। जिससे घटना की असली तह तक पहुंचा जा सके। सूचना पर थाना पुलिस व एसओजी मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण कर पूछताछ की।परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित जल आकाश फैक्ट्री का एक गोदाम तिलियापुर व परधौली गांव के बीच मे रोड पर स्थित है। बृहस्पतिवार की रात्रि में तिलियापुर गांव निवासी राज खान ब शेरगढ़ के गांव ब्योधा निवासी तुलाराम चौकीदार बतौर ड्यूटी पर थे। दोनों ने बताया कि रात्रि में करीब 12.30 बजे वह वहीं चूल्हे पर आग जला कर ताप रहे थे। इसी दौरान दर्जन भर नकाबपोश सशत्रधारी बदमाश गोदाम परिसर की दीवार कूद कर अंदर घुस आए और दोनों को बंधक बना लिया। अंगोछा ब रस्सी आदि से उनके हाथ पैर बांधकर दोनों को पीछे के एक कमरे में घसीटते हुए ले गए। फिर वहां ले जाकर उन्हें कमरे में बंधक बना दिया। उनका मोबाईल भी छीन लिया जब उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ बदमाशों ने मारपीट की। फिर तीन बदमाश उनके पास निगरानी के लिए रुक गए। अन्य बदमाशों ने मुख्य दरवाजा ब कमरे का ताला काटा। फिर एक लोडर वाहन को अंदर किया जिसके बाद उन्होंने लोहे की छोटी बड़ी प्लेटे आदि अन्य लोहे का सामान उक्त लोडर वाहन में लाद लिया और फरार हो गए। इसी दौरान बदमाश शोर मचाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दे गए। बदमाशों के जाने के बाद उन्होंने किसी तरह अपने आप को बंधन मुक्त किया। बदमाश इस दौरान करीब दो घंटे से अधिक समय तक गोदाम में ही मौजूद रहे। चौकीदार ने सूचना अपने सुपरवाइजर राजेश यादव को दी। सूचना पर मौका मुआयना कर राजेश यादव ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सीबीगंज इंस्पेक्टर राधेश्याम ब हल्का दरोगा रत्नेश कुमार मौके पर पहुंचे। घटना का निरीक्षण कर चौकीदार से पूछताछ की।

इसी गोदाम पर दो बार पहले भी हो चुकी लूट की घटना

इसी बर्ष दो वार मई माह व गत तीस अक्टूबर को भी बदमांशो ने इसी गोदाम में धाबा बोलकर घटना को अंजाम दिया था और लाखों रुपए कीमत का सामान लूट कर फरार हो गए थे। मगर तब दोनों ही पक्ष पीड़ित ब पुलिस ने इन घटनाओं को हल्के में लिया था। अगर समय रहते इन घटनाओं को गंभीरता से लिया जाता तो शायद आज यह इतनी बड़ी घटना घटित नही होती।

हल्का दरोगा रत्नेश कुमार को गले की फांस बनी यह घटना

रत्नेश कुमार ने इंस्पेक्टर सीबीगंज राधेश्याम से अपनी नजदीकियां वताकर अभी कुछ दिन पहले ही सीबीगंज थाने का सबसे मलाईदार हल्का हल्का नंबर चार का प्रभारी का चार्ज लिया था। अब उनके हल्के में ही यह सबसे बड़ी घटना घटित हो गई तो वह घटना को दबाने के लिए चौकीदारों ब मैनेजर पर ही दबाव बनाने लगे कि ठेकेदार ब चौकीदार सब चोर होते हैं।

एसएसपी व सीओ द्वितीय भी पहुंचे घटना स्थल

सांय में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ब क्षेत्राधिकारी द्वितीय भी घटना स्थल पहुंचे। गोदाम परिसर में घूम फिर कर घटना का गहनता से निरीक्षण किया ब गोदाम परिसर का मुख्य गेट बंद करा कर दोनों चौकीदारों से पूछताछ की। समाचार लिखे जाने तक एसएसपी द्वारा पूछताछ जारी थी।

बिथरी ब्लॉक सभागार में हुआ में टेबलेट वितरण

बरेली (आज समाचार सेवा)। धनतेरस के शुभ अवसर पर ब्लॉक

बिथरी चैनपुर के शिक्षको को सरकार की तरफ से टेबलेट वितरण किये गए।वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार जी ने की।मुख्य अतिथि के रूप में बिथरी चैनपुर की ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ब्रजेश कुमारी जी उपस्थित रही साथ मे उनके प्रतिनिधि हरेंद्र पटेल जी भी उपस्थित रहे।उन्होंने बताया सरकार द्वारा दिन पर दिन परिषदीय स्कूलों के विकास के लिए प्रयास किये जा रहे है।खंड शिक्षा अधिकारी जी द्वारा बताया गया कि टेबलेट के वितरण के बाद स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था और सुगम हो जाएेगी और सभी रजिस्टरों से शिक्षको को मुक्ति मिल जाएगी।कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र गंगवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश गंगवार, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संगठन मंत्री जितेंद्र गंगवार,प्राथमिक के ब्लॉक अध्यक्ष के.सी पटेल, देव पटेल आदि शिक्षक नेता उपस्थित रहे।

जुआरी को पकड़ने भागे पुलिसकर्मी कंटीले तार में उलझने से घायल, जुआरी गिरफ्तार

सीबीगंज (आज ब्यूरो)। पुलिस को देख भाग रहे जुआरी को पकड़ने के लिए जब पुलिस दौड़ी तो दोनो सिपाही एक कांटेदार तार में फंस गए। जिससे एक सिपाही की उंगली में चोट लग गई और जबकि दूसरे की वर्दी भी फट गई। बाद में सिपाहियों ने दौड़कर जुआरी को पकड़ लिया। अब पुलिस ने सट्टा लगाने के आरोप में उसका चालान किया है। सीबीगंज के गांव माधोपुर में एक मामले मे दबिश देने के लिए बीती शाम थाने के हेड कांस्टेबल व एक कांस्टेबल गए थे। इसी दौरान जुआ खेल रहे फतेहगंज पश्चिमी के गांव गौतारा निवासी आसिफ पुत्र शफी शाह पुलिस को देख भागने लगा। दोनों सिपाहियों ने उसे पकड़ने के लिए जब उसका पीछा किया तो खेत में लगे एक कटीले तार में दोनों उलझ गए। जिससे एक सिपाही की अंगुली में चोट लग गई। जबकि दूसरे की वर्दी फट गई। बाद में दोनों सिपाहियों ने घेरा बंदी कर आसिफ को पकड़ लिया और पड़कर थाने ले आए। पुलिस ने अब उसे माधोपुर तिराहा के पास से आसिफ द्वारा सट्टा लगाया जाना दिखाकर उसके पास से 1125 रुपए नकद ब सट्टा लगाने की पर्चियां बरामद दिखा कर सट्टा लगाने के आरोप में उसका चालान किया है।

सड़क सुधार कार्य में शिथिलता पर सपा पार्षद गौरव बैठे धरने पर

बरेली (आज समाचार सेवा)। शास्त्री नगर बार्ड-49 की तीन सड़कों के सुधार निर्माण को लेकर नगर निगम द्वारा कार्यादेश जारी करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी कार्य न होने पर पार्षद गौरव सक्सेना ने आज नगर निगम पहुंच अधिकारियों से शिकायत करते हुये विरोध जताया और धरने पर बैठ गये उन्होंने अधिकारियों से गुस्सा जाहिर करते हुये निर्माण कार्य न होने तक आंदोलनरत रहने की बात कही। साथ ही जारी कार्यादेश के बाद भी कार्य न कराने को वोर्ड व शासनादेश की अवेहलना बताया।

आयुर्वेद दिवस पर डीआरएम की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी

बरेली (आज समाचार सेवा)। इज्जतनगर मंडल पर 8वां आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में मंडल रेल प्रबंधक सुश्री रेखा यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस गोष्ठी में डा0 वीरेन्द्र कुमार वरिष्ट फिजिसियन एवं पूर्व वरिष्ट मेडिकल आफिसर जिला अस्पताल बदायूँ मुख्य अतिथि एवं वक्ता थे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रास्ट्रक्चर विवेक गुप्ता, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन राजीव अग्रवाल, शाखा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए डा0 वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि किस प्रकार आयुर्वेद के सहारे हम अपने स्वास्थ्य को बनाये रख सकते है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में वात, कफ एवं पित्त के असुंतलन से मानव शरीर में अनेक प्रकार की बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद का दायरा काफी बड़ा है। जिसके अन्तर्गत योग, व्यायाम, मॉर्निंग वॉक, तेल मालिश इत्यादि के द्वारा रोगियों का आयुर्वेदिक उपचार किया जाता है। डा0 वीरेन्द्र कुमार ने सभी को सलाह दी कि स्वस्थ्य जीवन प्राप्त करने के लिए आयुर्वेद को अपनाये और स्वस्थ्य जीवन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि भाग-दौड़ कि जिन्दगी में हम सभी आयुर्वेद को भूल गये हैं। हम हमारे पूर्वजों द्वारा दिये गये सिद्धान्तों को नहीं अपनाते जिसके कारण वात, पित्त एवं कफ के संतुलन बिगड़ने से हम अनेक प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। उन्होंने पुरजोर अपील की कि हम सभी को स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए आयुर्वेद को अपनाना ही होगा।

राज्यपाल ने राजश्री मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को दी उपाधि

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरो)। हर साल एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के दीक्षांत समारोह में प्रदेश के राज्यपाल पहुंचते है यहां का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद बापसी हो जाती थी पर पहली बार ऐसा हुआ जोकि एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के बाद किसी दूसरे कॉलेज में राज्यपाल पहुंचे शुक्रवार को राजश्री मेडिकल कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने परास्नातक पाठयक्रम एमडी एमएस के 32 विशिष्ट डॉक्टर को उपाधि प्रदान कर उन्हें जन सेवा के लिए प्रेरित किया। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल राजश्री मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में दोपहर बाद करीब चार बजे पहुंची सबसे पहले नवीन विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं युक्त मल्टी सुपर स्पेसिलिस्ट अस्पताल का शिलान्यास किया। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ जल भरो कार्यक्रम से किया गया इस दौरान उन्होंने टीबी के मरीजों को पुष्टाहार और छोटे बच्चो को संस्थान की ओर किताबे भेट की। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने एमडी एमएस के विशिष्ट डॉक्टर को संबोधित करते हुए उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी केवल आर्थिक मजबूती ना होकर समाज और जनसेवा होती है सभी को जनसेवा करने के लिए उन्होंने संकल्पित कराया। संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया निशुल्क इलाज कराने का भरोसा दिलाया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करीब चार बजे दीक्षांत समारोह में पहुंची इस दौरान हाइवे पर एक लाइन के वाहनों को दूसरी लाइन से गुजारा गया। एक ही लाइन में दोनो तरफ के वाहनों के गुजरने से जाम के हालात बन गए एक बार तो राज्यपाल के गुजरने वाली लाइन में वाहन की कतार लगने से पुलिस के हाथ पैर फूल गए। आनन फानन में फोर्स ने लाइन को खाली कराया हालांकि जब राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करीब साढ़े चार बजे वापस हुई थी उनके गुजरने वाली लाइन खाली थी। इस दौरान असहाय और निर्धन लोगो का डीएम एसएसपी सीडीओ एसपी देहात एसपी सिटी सीओ मीरगंज सीओ नवाबगंज सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार विधायक डीसी वर्मा के अलावा मीरगंज सर्किल के फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार मीरगंज शाही थानों की पुलिस मुस्तैद रही।

पारस घी के नए कैम्पेन 'असली भरोसा असली घी के साथ मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी ने दिखाया अपना अटूट विश्वास

बरेली (आज समाचार सेवा)। पारस डेयरीफूड सेक्टर में छह दशकों से शुद्धता और भरोसे के लिए जाना-माना नाम है। 1960 में कारोबार शुरू किया और तब से ही पारस ने ग्राहकों पर अपना विश्वास बनाये रखा हैं। घर-घर में पारस के ताजा डेयरीप्रोडक्ट दिखते हैं। पारस का 'असली भरोसा असली घी' कैम्पेन ईमानदारी और शुद्धता जैसे मूल्यों पर बल देता है, जबकि अक्सर इन मूल्यों को आज के ज़माने में हम नजरअंदाज कर देते है। पारस घी आपकी पसंदीदा डिश को स्वादिष्ट बनाने के साथ साथ सेहत से भी भरपूर रखता है। इसमें आपकी त्वचा, बालों और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व हैं। यह युवाओं का शक्तिवर्धन और बुजुर्गों का स्वस्थ आयुवर्धन भी करता है। इसीलिए इसे पोषण का पावरहाउस माना गया हैं। 'असली भरोसा असली घी' सिर्फ मार्केटिंग का जरिया नहीं है; यह हर उम्र के लोगों को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखने का वादा है। फाइन डाईनिंग के मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी कहते हैंकि वे असली और शुद्ध जैसे अनोखे गुणों को लेकर ही पारस से जुड़े हैं। इन गुणों को लेकर उनका रेस्टोरेंट 'कारीगारी हैंडक्राफ्टेडबिस्ट्रो' पुरस्कृत रहा है। यहां खान-पान के इनोवेशन में उनका जुनून दिखता है। वे खाने में घी की शुद्धता को बहुत अहम समझते हैं इसलिए उन्होंने पारस को चुना, जो ईमानदारी और विश्वास का प्रतीक है। पारस से जुड़ने का अपना अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा, यह कोई आम घी नहीं है, बल्कि असली घी है, जिसका मैं कई वर्षों से उपयोग कर रहा हूं और मेरे डिश में असली स्वाद देने के लिए इसी पर भरोसा करता हूं। यह ब्रांड हर मां की पहली पसंद है। इससे जुड़ना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। पारस डेयरी के सीएमओवी.पी.एस. मलिक ने बड़े उत्साह से बताया,''शेफहरपाल सिंह सोखी ने पारस को चुना और इस पर भरोसा किया। इसको इसकी बेहद खुशी है।

राजा रानी कूपन
LIVE RESULT
CONTACT FOR RESULTS
08446006490, 08087744446
www.rajaranicoupon.com

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**- महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।
सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी
वर्ष-34 पूर्ण संख्या-*12249*
आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189
दूरभाष
9412293665
ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com
रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99
पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

दीयों की जगमग रोशनी से नहाया स्पोर्टस स्टेडियम ग्राउण्ड

हर दिन-हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के साथ स्पोर्टस स्टेडियम में मनाया दीपोत्सव

बरेली (आज समाचार सेवा)। खेल निदेशालय खेल भवन के निर्देशानुसार धनतेरस पर्व के अवसर पर वरिष्ठ गणमान्यजनों खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों, स्टाफ आदि को हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम की गोष्ठी का आयोजन कराने के साथ आज खिलाड़ियों द्वारा अपने-अपने खेल परिसर में रंगोली बनायी गयी एवं दीपोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र यादव क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी शमीम अहमद उपक्रीडाधिकारी, सुमित चौरसिया, जीवन रक्षक, सोनेन्द्र श्रोतिया, हरिशंकर, राजेश यादव, मुकेश यादव, आदेर्श, अभिलाषा यादव, शिल्पा, मीनू पाण्डेय, प्रशिक्षक एवं कमल किशोर , चिन्तामन, अनीता यादव, अविनाश कुमार कार्यालय स्टाफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

नकदी व बाइक न मिलने पर दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारपीट कर निकाला, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सीबीगंज (आज ब्यूरो)। दहेज में वाइक व नगदी न मिलने पर एक विवाहिता को उसके ससुरालियों ने मारा पीटा व अश्लील हरकतें करते हुए उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाना सीबीगंज पहुंचकर पति सहित चार पर मुकदमा दर्ज कराया है। लेकिन उसके ससुरालजन इतने दहेज से खुश नहीं थे। वे आए दिन बुलट व दो लाख रुपए की मांग कर रहे थे। मना करने पर विवाहिता को जमकर मारा पीटा व उसके 5 वर्षीय बेटे सहित जान से मारने की धमकी देते हुए उसके देवर ने उसके साथ अश्लील हरकतें की और घर से निकाल दिया। जिसके बाद एक महीना पूर्व उसका पति अपने परिजनों के साथ विवाहिता के मायके आया और उसे तीन तलाक देकर चला गया।

यू.पी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि.
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) CIN : U15209UP1976SGC004285
कार्यालय महाप्रबन्धक, जोन-2, 14-चन्द्रशेखरनगर कालोनी, तुला शेरपुर, रंजयनगर बाईपास, बरेली-243122, ई-मेल : gm2.uppclbly@gmail.com
पत्रांक : 561/पीसीएल/जी.एम./जोन-2/प्रकाशन दिनांक : 10.11.2023
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
जनपद अमरोहा एवं बिजनौर में 06 नग पशु चिकित्सालयों के निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं० 16/PCL/GM/ZONE-2/BLY/2023-24 दिनांक 10.11.2023 द्वारा अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 11.11.2023 से दिनांक 25.11.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की वेबसाइट www.upprojects.org पर दिनांक 11.11.2023 से देखी जा सकती है।
महाप्रबन्धक, जोन-2, बरेली

ICICI Home Finance
कारपोरेट कार्यालयः- आई.सी.आई.सी.आई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड, आई.सी.आई.सी.आई एनएफसी टॉवर, अम्बेडकर कुलर रोड, अम्बेडकर (ईस्ट) मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालयः-शॉप नं०-9, भूमि तल जी०के०एस० पैलेस, अय्यूब खां चौपुला रोड, 63-64, सिविल लाइंस, बरेली-243001
(देखें-नियम-8(6) के प्राविधान)
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना
सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आई.सी.आई.सी.आई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर की बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का *भौतिक कब्जा* ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार *जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है* के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतित सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)
1.	ऋण (कर्जदार) जमन खाता (सह कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHBAR00001345817 & LHBAR00001345816	38 खसरा नं० 38 मि., हरदत्तपुर जिला बरेली। बरेली उत्तर प्रदेश	रू. 30,15,260/- 30 अक्टूबर 2023	रू. 31,56,300/- / रू. 3,15,630/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह 11.00 बजे अपरान्ह 03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी *ग्लोब टेक्स* के वेबसाइट (URL Link-/https://BestAuctionDeal.com) हमारी एक्शन एजेंसी टाइगर पर संचालित की जायेगी/ बोलीदाताओं को 18 दिसम्बर, 2023 तथा अपरान्ह-5.00 बजे के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।
अपेक्षित बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखें) को आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड शॉप नं०-9, भूमि तल जी०के०एस० पैलेस, अय्यूब खां-चौपुला रोड, 63-64, सिविल लाईंस, बरेली-243001 पर 18 दिसम्बर, 2023 के पूर्व अथवा तक अपरान्ह 04.00 बजे के पूर्व अवश्य जमा कर दें/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होंगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि आई.सी.आई.सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड शॉप नं०-9, भूमि तल जी०के०एस० पैलेस, अय्यूब खां-चौपुला रोड, 63-64, सिविल लाईंस, बरेली-243001 पर 18 दिसम्बर, 2023 के पूर्व अथवा तक अपरान्ह 5.00 बजे पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन के पक्ष में बरेली में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-स्थान बरेली के नाम होना चाहिये।
निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्तें अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड से 022-69974300 या सेल्स और मार्केटिंग पार्टनर नेक्सन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड पर सम्पर्क करें।
अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तों हेतु कृपया https://www.icicihfc.com देखें।
दिनांकः 11 नवम्बर 2023
स्थानः बरेली
अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, 5 वीं मंजिल,
पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003
वर्ष 2023-24 के लिए विकलांग छात्रों (दिव्यांगजन) के लिए छात्रवृत्ति
विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग विकलांग छात्रों (दिव्यांगजन) को योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। वर्ष 2023-24 के लिए प्रि-मैट्रिक, पोस्ट- मैट्रिक, टॉप क्लास शिक्षा और राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति।
2 आवेदको के लिए निर्देश :
(i) आवेदको को सलाह दी जाती है कि वे प्रि-मैट्रिक, पोस्ट- मैट्रिक, टॉप क्लास शिक्षा योजनाओं के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल की वेबसाइट www.scholarships.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन करें (साइट का लिंक www. depwd.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।) या नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल का मोबाइल ऐप राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन ऑफ लाइल प्राप्त किये जाते है।
(ii) पात्रता मानदंड और आवेदन भरने के निर्देश सहित योजनाओं का विवरण www.depwd.gov.in पर उपलब्ध हैं।
(iii) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय सही जानकारी प्रदान करें।
3. आवेदन की समय सीमा:
(i) राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पूरे वर्ष ऑफलाइन प्राप्त किये जाते है।
(ii) राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल नीचे दिए गए विवरण के अनुसार छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन करने हेतु छात्रों के पंजीकरण के लिए खुला है:

नई छात्रवृत्ति (पहली बार आवेदक) और नवीनीकरण छात्रवृत्ति (वर्ष 2023-24 में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले आवेदक) के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	(i) प्रि-मैट्रिक छात्रवृत्ति	30.11.2023
	(ii) पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति	31.12.2023
	(ii) शीर्ष श्रेणी कॉछात्रवृत्ति	

नोट: प्रि-मैट्रिक, पोस्ट- मैट्रिक, टॉप क्लास शिक्षा योजनाओं के लिए स्लॉट में नए और नवीनीकरण मामले शामिल हैं।
सभी नवीनीकरण मामलों पर कार्रवाई के बाद बचे हुए स्टॉट के खिलाफ ही नए मामलों पर विचार किया जाएगा। इस प्रकार, केवल पात्रता मानदंडो को पूरा करने से एक वर्ष में स्लॉट की निश्चित संख्या के कारण छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलेगा।
4. पात्रता मानदंड:
(i) छात्रवृत्ति भारत के नागरिकों के लिए खुली है।
(ii) बेंचमार्क विकलांगता वाला व्यक्ति यानी कम से कम 40 प्रतिशत विकलांगता वाला व्यक्ति, और सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए।
(iii) किसी भी कक्षा में पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति केवल एक वर्ष के लिए मिलेगी। यदि किसी छात्र को एक कक्षा दोहरानी है, तो उसे दूसरे (या उसके बाद) वर्ष के लिए छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी।
(iv) इस योजना के तहत छात्रवृत्ति धारक किसी अन्य छात्रवृत्ति / वजीफा का लाभ नहीं उठाएगा। कोई छात्रवृत्ति नहीं होगी। इस योजना के तहत छात्रों को उस तिथि से भुगतान किया जाता है जब वह कोई अन्य इस योजना के तहत छात्रवृत्ति/ वजीफा स्वीकार करता है
(v) विकलांगता प्रमाणपत्र के साथ विशिष्ट बकलांगता पहचान (यूडीआईडी) या यूडीआईडी नामांकन संख्या है किसी भी छात्रवृत्ति योजना के तहत लाभ प्राप्त करने कि लिए अनिवार्य ।
(vi) छात्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए आवेदकों को आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से गुजरना पड़ सकता है।
(vii) नेशनल ओवरसीज के लिए आवेदक के पास प्रासंगिक में पचपन प्रतिशत (55%) अंक या समकक्ष ग्रेड होना चाहिए मास्टर डिग्री या बैचलर डिग्री।
सीबीसी 38117/12/0039/2324